APPENDIX

1. Copy of the Tool

छात्र का नाम : --------------

कक्षा : -------------- आयु : --------------

लड़का : -------------- लड़की : --------------

शाला का नाम : --------------

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में दो मुख्य भाग हैं। भाग I और भाग II
2. भाग एक के चारों विभागों (अ,ब,स,द) में वस्तुनिठ प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़े और दिये गये उत्तरों में से किसी एक पर चिन्ह (√) का लगायें।
3. प्रश्न के नीचे दिये गये सभी उत्तरों को पढ़ने के बाद ही सही उत्तर पर चिन्ह (√) चिन्ह लगायें।
4. आपका कोई उत्तर गलत नही होगा ।
5. भाग II के निर्देश प्रश्न के साथ दिये गये हैं ।

## PART -I

### (अ)

प्रश्न 1. भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। धर्म निरपेक्ष से अर्थ है -
1. सभी भारतीयों को स्वयं के धर्म को आदर करने का अधिकार है।
2. भारत एक स्वतंत्र देश है।
3. कह नही सकते ।

प्रश्न 2. राजू एक हिन्दू है फिर भी उसे सभी धर्मो के बारे में पढ़ना पड़ता है। उसे दूसरे धर्मो के बारे में -
1. नही पढ़ाया जाना चाहिए ।
2. जरूर पढ़ाया जाना चाहिए।
3. कह नही सकते ।

प्रश्न 3. उमर सिख नही है । वह पर्यटक की तरह गुरुद्वारा देखने गया है। उसे अन्दर जाने से पहले -
1. हाथ पांव धोना और सिर ढंकना चाहिए।
2. कोई जरूरी नही है।
3. कह नही सकते ।

प्रश्न 4. रामन का कहना है कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है अतः यहाँ हिन्दू धर्म ही माना जाना चाहिए -
1. वह सही है क्योंकि हमारा देश 'हिन्दूस्तान' कहलाता है।
2. वह गलत है क्योंकि हम 'धर्म निरपेक्ष' राष्ट्र है।
3. उपरोक्त कोई नही ।

प्रश्न 5. रवि, शाहिद, अमरसिंह और जॉन ने मिलकर शाला में एक संगठन बनाया है सभी धर्मो के मुख्य त्यौहारों को शाला में मनाता है -
1. उन्होंने संगठन बनाकर अच्छा काम किया ।
2. यह कोई शाला प्रशासन को करना चाहिए।
3. इससे कोई फर्क नही पड़ेगा ।

प्रश्न 6. ऊपर दिये प्रश्न (2.2) में संगठन की गतिविधियों से सभी बच्चों को -

1. बोरियत होगी ।
2. उन्हें हर धर्म का आनन्द लेने को मिलेगा और संतोष होगा ।
3. बच्चों को कोई फर्क नही पड़ेगा ।

प्रश्न 7. इस बात से कोई फर्क नही पड़ता कि एक धर्म के लोगों को दूसरे धर्म के बारे में कोई जानकारी न हों -

1. सही बात है।
2. सही बात नही है।
3. कह नही सकते।

प्रश्न 8. यह अच्छा होगा अगर भारत भी पाकिस्तान की तरह एक धर्म (राज्य द्वारा मान्य) वाला राष्ट्र बन जायें -

1. हॉं .....................
2. कभी नही ..........
3. कह नही सकते ।

प्रश्न 9. भारत ने 'धर्म निरपेक्ष' नीति अपनाकर-

1. सही किया ।
2. गलत किया।
3. कह नही सकते ।

## (ब)

प्रश्न 1. संसाधन के संरक्षण का अर्थ है -

1. सभी कुछ बचाना।
2. प्राकृतिक संसाधनों को बचाना।
3. कह नही सकते।

प्रश्न 2. छात्रों को संरक्षण के बारे में शाला में पढ़ाया जाना चाहिए-

1. हॉं, क्योंकि यह आवश्यक है।
2. नही क्योंकि इससे छात्र पर बोझ बढ़ेगा।
3. इससे कोई फर्क नही पड़ेगा ।

प्रश्न 3. अगर एक बड़ी टंकी से पानी बह रहा हो तो उसे -

1. बहने दिया जाना चाहिए इससे नालियां साफ हो जायेगी।
2. तुरन्त ठीक कर अतिरिक्त पानी स्टोर कर लेना चाहिए।
3. पानी बहने से कोई फर्क नही पड़ता ।

प्रश्न 4. मोहन को 'संसाधन संरक्षण' पर भाषण देने को कहा गया है। वह इसे करेगा क्योंकि -

1. अध्यापक ने उसे यह काम सौंपा है,
2. वह इसके महत्व को समझेगा और अपनी बात दूसरों तक पहुंचा पायेगा,
3. वह भाषण नही देगा।

प्रश्न 5. रवि और राजू दोनों के पास लूना है। वे अलग-अलग आने के बजाय एक साथ किसी एक की लूना पर आते हैं और पेट्रोल बचाते हैं -

1. वे कंजूस है।
2. वे ऐसा करके संरक्षण में मदद कर रहे हैं।
3. वे कोई फर्क नही डाल रहे हैं।

प्रश्न 6. प्रश्न 2.2 की घटना देखकर राजू और रति के अध्यापक -

1. प्रसन्न और संतुष्ट होंगे ।
2. उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा ।
3. वे नाराज होंगे ।

प्रश्न 7. दुनिया में इतना अधिक पानी है कि अगर थोड़ा सा बह गया या बेकार हो गया तो इससे कोई फर्क नही पड़ता -

1. सहमत है।
2. असहमत है।
3. कोई फर्क नही पड़ता ।

प्रश्न 9. संसाधन संरक्षण को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। संसाधन दुरूपयोग करने पर सजा दी जानी चाहिए -

1. सहमत ......................
2. असहमत ..................
3. कह नही सकते।

## (स)

प्रश्न 1. भारतीय संविधान के अनुसार 'समानता' का अर्थ है -

1. सबको एक बराबर पैसा मिलना।
2. सभी को बिना जाति या लिंग भेंद के बराबर अवसर मिलना।
3. जानकारी नही।

प्रश्न 2. समानता के अधिकारों के बारे में पाठ्य पुस्तकों में पढ़ाना -

1. आवश्यक है..................
2. आवश्यक नही है..........
3. कह नही सकते ।

प्रश्न 3. अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को वजीफा दिया जाता है -

1. उन्हें समान स्तर पर लाने के लिए।
2. उन्हें अधिक फायदा पहुंचाने के लिये।
3. कह नही सकते।

प्रश्न 4. राजीव की संस्कृत पाठशाला में अनुसूचित जाति के छात्रों को प्रवेश नही दिया जाता है । यह -

1. शाला का अपना मामला है।
2. शाला के विरूद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए।
3. यह कोई महत्वपूर्ण बात नही है ।

प्रश्न 5. लीला और मोहन दोनों शाला जाते हैं । उनकी मां अस्वस्थ्य है और एक सप्ताह उन्हें देखभाल की आवश्यकता है । मोहन -

1. लीला से घर में रूकने को कहेगा।
2. मोहन और लीला बारी-बारी से एक दिन घर पर रूकेंगे।

D-148

प्रश्न 6. राजीव और संजना को अपने घर के आस-पास के इलाके की फूड चेन बनाने का विज्ञान प्रोजेक्ट मिला है -

1. उन्हें किताब में पढ़कर इसे पूरा कर देना चाहिए।
2. उन्हें भ्रमण करके जानकारी एकत्रित करनी चाहिए।
3. उन्हें प्रोजेक्ट नही करना चाहिए।

प्रश्न 7. विनीता की मित्र को मिरगी का दौरा पड़ा है -

1. ओझा को बुला लायेगी।
2. पास के डाक्टर साहब को बुलायेगी।
3. वह कुछ भी नही करेगी।

प्रश्न 8. अगर हम वैज्ञानकि तरीके से पहले जानकारी एकत्रित करके, उसका अध्ययन करके और कार्य योजना बनाके समस्याओं को हल करें तो यह -

1. हमेशा सही तरीका होगा ।
2. ऐसा जरुरी नही है।
3. कह नही सकते ।

## PART-II

### (ई)

प्रश्न 1. नीचे दिये गये मूल्यों को उनके महत्व के अनुसार 1 से 4 तक के स्थान दीजिए-

धर्मनिरपेक्षता, संसाधन संरक्षण, समानता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण

1. धर्म निरपेक्षता
2. संसाधन संरक्षण
3. संसाधान संरक्षण
4. वैज्ञानिक दृष्टिकोण

***